**बिहार लोक सेवा आयोग**

**15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001**

**विज्ञापन सं॰–09/2022** स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत औषधि निरीक्षक के कुल 55 (पचपन) पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर प्रदर्शित है।

(1) इन रिक्त पदों की कोटिवार विवरणी निम्नवत है :–

**(क)**

| **क्र.सं.** | **कोटि** | **अनुमान्य पदों की कुल संख्या** | **35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित वर्ग | 27 | 07 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 06 | 02 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 08 | 04 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 00 | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 05 | 02 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 07 | 02 |
| 7. | पिछड़े वर्ग की महिलाएँ | 02 | 00 |
| **कुल** | | **55** | **17** |

**(ख)**

| | | |
|---|---|---|
| 2. | सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक– 2526, दिनांक–18.02.2016 के आलोक में राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/ पोती/नाती/ नतीनी के लिए आरक्षित कुल पदों की संख्या | 01 |

**(ग)**

| **3. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के आलोक में निःशक्तता से ग्रस्त उम्मीदवारों के लिए 04 (चार) प्रतिशत आरक्षित कुल पदों की संख्या** | | |
|---|---|---|
| (i) | दृष्टि बाधित (VI) | 01 |
| (ii) | मूक बधिर (DD) | 01 |
| (iii) | अस्थि दिव्यांग (OH) | 00 |
| (iv) | मनोविकार/बहुदिव्यांग | 00 |

**2. वेतनमानः**– पे बैंड–9300–34800/– ग्रेड पे–5400/– (लेवल–9)

**3. शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभवः–**

A person who is appointed as Inspector under the Act shall be a person who has a degree in Pharmacy or Pharmaceutical Sciences or Medicine with specialisation in Clinical Pharmacology or Microbiology from a University established in India by law.

विधि द्वारा भारत में स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से फार्मेसी/फार्मास्यूटिकल विज्ञान में स्नातक या क्लीनिकल फार्माकोलोजी/माइक्रोबायोलॉजी में विशेषज्ञता सहित मेडिसिन (चिकित्सा विज्ञान) में स्नातक की डिग्री।

Provided that only those Inspectors-

(i) Who have not less than 18 months experience in the manufacture of at least one of the substances specified in Schedule C, or

(ii) Who have not less than 18 months experience in testing of at least one of the substances in Schedule C in a Laboratory approved for this purpose by the licensing authority, or

(iii) Who have gained experience of not less than three years in the inspection of firms manufacturing any of the substances specified in Schedule C during the tenure of their services as Drugs Inspectors, shall be authorised to inspect the manufacture of the substances mentioned in Schedule C.

- **परन्तु केवल वे निरीक्षक–**

(i) जो अनुसूची 'ग' में विनिर्दिष्ट कम से कम एक पदार्थ के निर्माण में 18 महीने से कम का अनुभव नहीं रखते हों, या

(ii) जो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित प्रयोगशाला में अनुसूची 'ग' में विनिर्दिष्ट कम से कम एक पदार्थ की जाँच करने का 18 महीने से कम का अनुभव नहीं रखते हों, या

(iii) जो औषधि निरीक्षक के रूप में अपने सेवाकाल के दौरान अनुसूची 'ग' में विनिर्दिष्ट किसी पदार्थ का निर्माण करने वाले फर्मों के निरीक्षण का 3 वर्ष से कम का अनुभव प्राप्त नहीं किए हों, अनुसूची 'ग' में उल्लिखित पदार्थों के निर्माण के निरीक्षण के लिए प्राधिकृत होंगे।

